आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 237 | उज्जैन, गुरुवार 17 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# म.प्र. में पीपीपी मोड पर फुटबाल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्टस इन्फास्ट्रक्चर और स्पेनिश कोचिंग आधारित प्रारंभ होंगे यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम-मुख्यमंत्री

## मैड्रिड से मध्यप्रदेश तक खेल से खुली निवेश की नई राह

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्पेन यात्रा के पहले दिन की शुरूआत मैड्रिड स्थित विश्व प्रसिद्ध मुख्यालय के भ्रमण से की और वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट कर खेल, युवा सशक्तिकरण और निवेश सहयोग पर केंद्रित संवाद किया। उन्होंने कहा कि रुड्स्द्दद्ड की खेल विशेषज्ञता और वैश्विक पहुँच का लाभ मध्यप्रदेश के युवाओं तक पहुँचना चाहिए। यह यात्रा सिर्फ एक औपचारिक दौरा नहीं, बल्कि खेल के क्षेत्र में नवाचार, सामाजिक समावेशन और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी की दिशा में प्रदेश के दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने LaLiga के पदाधिकारी और तकनीकी निदेशकों के समक्ष प्रस्ताव रखा कि मध्यप्रदेश में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल पर फुटबॉल एक्सीलेंस सेंटर, स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन और स्पेनिश कोचिंग आधारित यूथ ट्रेनिंग प्रोग्राम प्रारंभ किए जाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि रुड्स्द्दद्ड के साथ यह साझेदारी केवल खेलों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह प्रदेश में रोजगार सृजन, सामाजिक भागीदारी, अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग और सांस्कृतिक पर्यटन को नई दिशा दे सकती है।

### *LaLiga मैचों में होगी म.प्र. की ब्राडिंग*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुझाव दिया कि रुड्स्द्दद्ड मैचों के दौरान डिजिटल और ग्राउंड को-ब्रांडिंग अभियानों के माध्यम से मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता, वन्यजीव, विरासत स्थलों और पर्यटन अवसरों का स्पेन और यूरोप के व्यापक दर्शकों के बीच प्रभावी प्रचार किया जा सकता है।

# केरल की नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा टली, यमन में कैसे कामयाब हुआ इन दो लोगों का फुलप्रूफ प्लान



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा को टाल दिया गया है। ये भारत और यमन के धार्मिक नेताओं के दखल के बाद मुमकिन हो सका है।इस सजा को रोकने के लिए ग्रैंड मुफ्ती ऑफ इंडिया शेख अबूबकर अहमद ने यमन के मशहूर आलिम शेख उमर बिन हफीज से मदद मांगी थी।

इसके बाद शेख उमर ने अपने शागिर्दों को तलाल के परिवार से बात करने भेजा। कई दौर की बातचीत के बाद, तलाल का परिवार मौत की सजा को टालने के लिए राजी हुआ।

शेख उमर का रसूख आया काम- इस बातचीत में सबसे अहम यमनी परिवार और शेख उमर का सुन्नी मजहब से ताल्लुक था। यमन की राजधानी सना में हूती विद्रोही का कब्जा है लेकिन शेख उमर के रसूख की वजह से मौत की सजा टल गई।

भारत के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि यह काम खामोश और लगातार कोशिशों का नतीजा है। सऊदी दूतावास में यमन के मामलों को देखने वाले एक अधिकारी ने महीनों तक यमनी हुकूमत से बात की। इजरायल-ईरान तनाव ने कुछ वक्त के लिए रुकावट डाली, लेकिन हालात ठीक होने पर फिर से कोशिशें शुरू हुईं।

# कल के हथियारों से आज का युद्ध नहीं जीता जा सकता..., ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस अनिल चौहान का बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने हाल के संघर्षों में ड्रोन की ताकत का जिक्र करते हुए कहा कि ये छोटे-छोटे हथियार जंग में पासा पलट सकते हैं। मानेकशॉ सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने यह भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह दिखा दिया है कि हमारे भूभाग और हमारी जरूरतों के लिए निर्मित स्वदेशी मानवरहित हवाई प्रणालियां और सी-यूएएस क्यों महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने खुलासा किया कि कैसे पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बिना हथियार वाले ड्रोन और लॉइटर मुनिशन का इस्तेमाल किया, मगर भारतीय सेना ने इनका मुंहतोड़ जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि आज की जंग को कल की तकनीक से नहीं जीता जा सकता। ड्रोन और नई तकनीक अब युद्ध के मैदान में सबसे अहम हथियार बन चुके हैं। उनकी इस बात ने साफ कर दिया कि भारत को अपनी ताकत बढ़ाने के लिए स्वदेशी तकनीक पर ध्यान देना होगा।

# डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुए शख्स ने किया सुसाइड, CBI अधिकारी बन ठगों ने लगाया था 11 लाख का चूना



नई दिल्ली (एजेंसी)। डिजिटल अरेस्ट के मामले पूरे देश में बढ़ रहे हैं। कई लोग अंजाने में इस खतरनाक स्कैम का शिकार हो जाते हैं। इसी कड़ी में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। डिजिटल अरेस्ट के जाल में फंसकर एक शख्स ने स्कैमर्स को 11 लाख रुपये ट्रांसफर किए और फिर मौत को गले लगा लिया।

डिजिटल अरेस्ट का शिकार हुआ यह शख्स बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड में काम करता था। स्कैमर्स ने CBI का अधिकारी बनकर युवक को गुमराह किया और उससे लाखों रुपये ऐंठ लिए।

सुसाइड नोट से खुलासा- मृतक शख्स की पहचान कुमार के रूप में हुई है, जिसने आत्महत्या करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखा है। इसमें उसने बताया कि उसे ब्लैकमेल किया गया और फिर 11 लाख रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बनाया गया। कुमार ने सुसाइड नोट में बताया कि मैं प्रताड़ना और खराब सेहत के कारण आत्महत्या कर रहा हूं।

पेड़ से लटका मिला शव- कुमार का शव कर्नाटक के केलागेरे गांव में एक पेड़ से लटका मिला। इससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की तो सुसाइड नोट से सच सामने आ गया।

कुमार ने सुसाइड नोट में लिखा, उसे विक्रम गोस्वामी नाम के एक शख्स का फोन आया, जिसने CBI का अधिकारी होने का दावा किया। विक्रम ने कुमार से कहा कि उसके नामपर एक अरेस्ट वारंट आया है।

# नाटो चीफ की चीन-ब्राजील को चेतावनी; भारत का भी लिया नाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। नाटो के महासचिव मार्क रट ने बुधवार को एक सख्त चेतावनी जारी की है कि अगर ब्राजील, चीन और भारत जैसे देश रूस के साथ व्यापार जारी रखते हैं, तो उन पर भारी-भरकम सेकेंडरी सैंक्शन्स लग सकते हैं।

यह बयान उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस के सासंद से मुलाकात के दौरान दिया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को हथियार देने और रूस के निर्यात खरीदने वालों पर 100त्न तगड़ा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर 50 दिनों में शांति समझौता नहीं हुआ, तो ये कदम उठाए जाएंगे।

रट ने कहा, अगर आप बीजिंग, दिल्ली या ब्राजील में रहते हैं या फिर यहां के राष्ट्राअध्यक्ष हैं, तो सावधान हो जाइए। ये सैंक्शन्स आपको बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने इन देशों से अपील की कि वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन करें और शांति वार्ता के लिए गंभीर होने को कहें, वरना इसका खामियाजा इन देशों को भुगतना पड़ेगा।

अमेरिकी सीनेटर थॉम टिलिस ने ट्रंप के इस कदम की तारीफ की, लेकिन 50 दिन की मोहलत पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुतिन इस समय का फायदा उठाकर युद्ध में बढ़त ले सकते हैं या ज्यादा जमीन हथिया सकते हैं, ताकि शांति वार्ता में उनकी स्थिति मजबूत हो। टिलिस ने सुझाव दिया कि यूक्रेन की मौजूदा स्थिति को आधार मानकर कोई भी नई जीत को वार्ता में शामिल न किया जाए।

# संसद का मानसून सत्र शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी, सरकार के एजेंडे में आठ नए विधेयक



नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होने वाला है। इस सत्र में एक बार फिर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन सहित विपक्ष के बीच तूफानी टकराव होने की संभावना है। वहीं सूत्रों के मुताबिक, 21 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के एजेंडे में आठ नए विधेयक और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का एक प्रस्ताव शामिल है। इस संसद सत्र में 21 अगस्त तक कुल 21 बैठकें होंगी, जिसमें 12 से 18 अगस्त तक का अवकाश भी शामिल है।

# बाबर सैन्य रणनीतिकार, अकबर सहिष्णु और औरंगजेब कठोर शासक, NCERT की किताब में कई बड़े बदलाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 से स्कूलों में शुरू की जाने वाली आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल काल की नए सिरे से समीक्षा की गई है। इसमें यह बताया गया है कि अकबर क्रूर होते हुए भी सहिष्णु था, जबकि औरंगजेब एक कठोर शासक था। अकबर का शासनकाल क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर फिर से कर लगाए।



प्रमुख मुगल सम्राटों के चित्रण में यह पुस्तक एक बदलाव का प्रतीक है जिसमें विजय, धार्मिक निर्णयों, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता का विस्तृत विवरण दिया गया है।

किसी को नहीं जिम्मेदार ठहराना गलत- एनसीईआरटी ने पाठ्यपुस्तक में इस तरह के विवरणों को शामिल किए जाने पर कहा, %इन घटनाओं को न तो मिटाया जा सकता है और न ही नकारा जा सकता है, लेकिन आज किसी को भी इनके लिए जिम्मेदार ठहराना गलत होगा। क्रूर हिंसा, अपमानजनक कुशासन या सत्ता की गलत महत्वाकांक्षाओं के ऐतिहासिक मूल को समझना, अतीत को सुधारने और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने का सबसे अच्छा तरीका है जहां संभवत ̃ इनका कोई स्थान नहीं होगा।

पुस्तक में मुगलों के उदय का वर्णन- पुस्तक में भारत के राजनीतिक मानचित्र का पुनर्निर्माण शीर्षक वाले अध्याय में 13वीं से 17वीं शताब्दी तक के भारतीय इतिहास पर चर्चा की गई है। यह पुस्तक दिल्ली सल्तनत के उत्थान और पतन, विजयनगर साम्राज्य, मुगलों और उनके प्रतिरोध, और सिखों के उत्थान पर भी प्रकाश डालती है। इसमें मुगलों के उदय का वर्णन किया गया है, जिसकी शुरुआत बाबर से होती है। उसे %एक तुर्क मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार% बताया गया है।

# क्या पाकिस्तान में कुछ बड़ा होने वाला है? मुनीर की बैक टू बैक दो मुलाकातों ने फिर दिए सियासी फेरबदल के संकेत



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में सियासी उलटफेर की खबरें एक बार फिर सुर्खियां बटोर रही हैं। हाल ही में पाकिस्तान के टॉप अधिकारियों की बैठक ने सत्ता परिवर्तन की अटकलों को दोबारा हवा दे दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि पाक आर्मी चीफ असीम मुनीर देश के अगले राष्ट्रपति बन सकते हैं।

बता दें कि इस महीने में तीसरी बार यह खबरें सामने आ रही हैं कि असीम मुनीर पाकिस्तान के अगले राष्ट्रपति और बिलावल भुट्टो जरदारी पाक के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। हालांकि, पिछले हफ्ते पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया था।

मुनीर की दो मुलाकातें- द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बीते दिन फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति जरदारी से मुलाकात की थी। जिसके बाद वो शहबाज शरीफ से मिलने पीएम आवास पहुंचे गए। लगातार दो मुलाकातों ने एक बार फिर पाकिस्तान में सियासी उलटफेर की अटकलों को हवा दे दी है।


रक्षा मंत्री ने दिए संकेत- पाकिस्तान में 27वें संविधान संशोधन होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं। पाकिस्तान रे रक्षा मंत्री ने भी सियासी फेरबदल की खबरों का खंडन कर दिया है। हालांकि, उन्होंने राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के इस्तीफे के संकेत दिए हैं। ऐसे में मुमकिन है कि असीम मुनीर के अगले राष्ट्रपति बनने की खबर सच साबित हो सकती है।

पीएम शरीफ ने किया खंडन- बता दें कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने 11 जुलाई को ही इन अटकलों पर प्रतिक्रिया दी थी। उनका कहना था, राष्ट्रपति जरदारी अपना पद नहीं छोड़ रहे हैं और न ही फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति बनने की इच्छा जाहिर की है। उनका ऐसा करने का कोई प्लान नहीं है। यह खबरें महज अफवाह हैं।

# 1.7 करोड़ रुपये में नीलाम हुई महात्मा गांधी की 94 साल पुरानी तस्वीर, क्या है इसकी खासियत

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की एक दुर्लभ पेंटिंग की नीलामी हुई है। कहा जाता है कि यह अकेली ऐसी तस्वीर है, जिसके लिए महात्मा गांधी पोट्रेट मोड में बैठे थे और पेंटर ने उनके सामने बैठकर यह खूबसूरत ऑयल पेंटिंग बनाई थी।

लंदन के बोनहम्स में मंगलवार को इस तस्वीर को ऑनलाइन नीलामी में 152,800 पाउंड (1.7 करोड़ रुपये) में बेचा गया है।



अनुमान से 3 गुना ज्यादा दाम में हुई नीलामी- ब्रिटिश आर्टिस्ट क्लेयर लीटन ने इस पेंटिंग को पोर्ट्रेट ऑफ महात्मा गांधी नाम दिया था। यह तस्वीर अनुमान से 3 गुना अधिक कीमत पर बिकी है। लीटन को उम्मीद थी कि पेंटिंग 57-80 लाख रुपये में नीलाम होगी। मगर, यह 1.7 करोड़ रुपये में बिकी है।

1974 में पेंटिंग पर हुआ था हमला- लीटन के परिवार के अनुसार, इस तस्वीर को 1974 में सार्वजनिक प्रदर्शनी के लिए रखा गया था। हालांकि, तब एक एक्टिविस्ट ने इसपर हमला कर दिया था। बाद में इस पेंटिंग को सही किया गया। ऐसे में लीटन के परिवार को उम्मीद नहीं थी कि यह पेंटिंग इतनी महंगी बिकेगी।

क्यों खास है यह तस्वीर- यह पेंटिंग 1931 की है, जब महात्मा गांधी दूसरी राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए लंदन गए थे। दरअसल यह तस्वीर बनाने वाली आर्टिस्ट क्लेयर लीटन उस समय मशहूर राजनीतिक पत्रकार हेनरी नोएल के साथ रिलेशनशिप में थीं।

## ट्रंप की धमकी के बाद भी पीछे नहीं हटेगा रूस, यूक्रेन के साथ जारी रहेगी जंग



ऐसा लगता है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन बेपरवाह हैं। वह यूक्रेन में युद्ध जारी रखने और अपने कब्जे वाले क्षेत्र का दायरा बढ़ाने का इरादा रखते हैं। उन्होंने यह भी जता दिया है कि वह तब तक लड़ाई जारी रखेंगे, जब तक पश्चिम देश उनकी शर्तों पर बातचीत के लिए तैयार नहीं होते।

यूक्रेन को हथियार देगा अमेरिका- इससे एक दिन पहले ट्रंप ने यूक्रेन के लिए हथियारों की आपूर्ति का एलान किया था और कहा था कि रूस 50 दिन में शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ तो वह रूसी उत्पादों को खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाएंगे। ऐसे देशों पर अमेरिका 100 प्रतिशत टैरिफ लगा सकता है।

दबाव में युद्ध समाप्त नहीं करेंगे पुतिन- रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन से जुड़े तीन सूत्रों ने बताया कि पुतिन पश्चिम के दबाव में युद्ध को समाप्त नहीं करेंगे। उनका मानना है कि रूस ने पश्चिम द्वारा लगाए गए बेहद सख्त प्रतिबंधों का सामना किया है। वह और आर्थिक प्रतिबंधों को सहन कर सकता है। उन्होंने कहा, पुतिन को लगता है कि यूक्रेन में शांति के लिए अमेरिका समेत कोई भी गंभीरता से बातचीत नहीं कर रहा है।

## लॉस एंजिल्स से 2000 नेशनल गार्ड सैनिकों को हटाएगी अमेरिकी सेना, पेंटागन ने की घोषणा




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पिछले महीने हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान संघीय संपत्ति और कर्मियों की सुरक्षा के लिए लॉस एंजिल्स भेजे गए 4,000 नेशनल गार्ड सैनिकों में से आधे को वापस बुलाने का आदेश दिया है , पेंटागन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि यह फैसला मिशन की सफलता के कारण लिया गया है।

आव्रजन छापों के बाद हुए थे विरोध प्रदर्शन- ट्रंप ने आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) एजेंटों द्वारा कार्यस्थलों पर आव्रजन छापों के कारण उत्पन्न विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए जून में कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड सैनिकों को लॉस एंजिल्स में तैनात किया था।

2000 सैनिकों की तैनाती समाप्त- पेंटागन ने मंगलवार को कहा कि वह लॉस एंजिल्स में 2,000 नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती समाप्त कर रहा है। ये सैनिक ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन दमन के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों से निपटने के लिए शहर में भेजे गए सैनिकों का लगभग आधा हिस्सा हैं।

## इंडोनेशिया के साथ खेल कर ट्रंप ने किया बड़ा दावा, ट्रेड डील पर कहा- भारतीय बाजार में पहुंचने जा रहे हैं...



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि भारत उनके साथ एक ऐसी ट्रेड डील पर काम कर रहा है, जो इंडोनेशिया के साथ हुई डील की तरह होगी। इस डील से अमेरिका को भारत के बाजार में ज्यादा पहुंच मिलेगी।

ट्रंप ने वॉशिंगटन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भारत इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत और अमेरिका के बीच यह समझौता 1 अगस्त की समय सीमा से पहले हो सकता है, वरना भारत को भारी टैरिफ का सामना करना पड़ सकता है।


ट्रंप ने इंडोनेशिया के साथ हुई डील का जिक्र करते हुए कहा कि इसके तहत अमेरिका में इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर 19 फीसदी टैरिफ लगेगा, लेकिन अमेरिका से इंडोनेशिया जाने वाले सामान पर कोई टैरिफ नहीं होगा।

हालांकि, यह साफ नहीं है कि भारत के साथ डील में भी यही शर्तें होंगी या कुछ अलग होगा। भारत के लिए ऐसी डील को स्वीकार करना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि 19 फीसदी टैरिफ भारत के निर्यात पर भारी पड़ सकता है।

रूस और भारत के कारोबार पर अमेरिका की भौहें तनी- ट्रंप ने रूस के खिलाफ कड़े कदम उठाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अगर यूक्रेन के साथ 50 दिनों के भीतर शांति समझौता नहीं करते, तो रूस से ऊर्जा उत्पाद खरीदने वाले देशों, जैसे भारत, को 100 फीसदी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

## थाईलैंड में चौंकाने वाला मामला, बौद्ध भिक्षुओं से संबंध बनाकर ब्लैकमेल करने वाली महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। थाईलैंड की मीडिया में इन दिनों एक सनसनीखेज मामला सुर्खियां बटोर रहा है। थाईलैंड की पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके कई बौद्ध भिक्षुओं के साथ संबंध सामने आए हैं। यही नहीं, महिला ने पहले बौद्ध भिक्षुओं को अपने जाल में फंसाया और फिर उनसे पैसे ऐंठने भी शुरू कर दिए।



आरोपी महिला की पहचान विलावान एम्सावत के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने मंगलवार को राजधानी बैंकॉक से कुछ ही दूरी पर स्थित नोनथाबुरी प्रांत से गिरफ्तार किया है। इस स्कैंडल में कम से कम 9 बौद्ध भिक्षुओं के नाम का खुलासा हुआ है, जिन्हें मठ से निष्कासित कर दिया गया है।

फोन से खुला राज- विलावान की उम्र 35 साल के आसपास है। विलावान के खिलाफ ब्लैकमेलिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और चोरी के आरोप के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस ने विलावान का फोन खंगाला, तो एक के बाद एक चौंकाने वाली चीजें सामने आने लगीं। विलावान ने कई बौद्ध भिक्षुओं के साथ चैटिंग की थी। साथ ही उसके फोन में ढेर सारे फोटो और वीडियो भी मिले हैं। स्थानीय मीडिया से बातचीत के दौरान महिला ने एक बौद्ध भिक्षु के साथ संबंध की बात स्वीकार की है।

कैसे सामने आया मामला- केंद्रीय जांच ब्यूरो के डिप्टी कमिश्नर जारून्कियात पंकेव के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब मठाधीश ने अचानक अपना पद छोड़ने का एलान कर दिया।

## 2024 में 1.4 करोड़ बच्चों को नहीं लगी कोई वैक्सीन, जानें UN की रिपोर्ट ने क्यों बढ़ाई पूरी दुनिया की टेंशन




नई दिल्ली (एजेंसी)। संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। पिछले साल दुनिया के 14 मिलियन (1 करोड़ 40 लाख) से ज्यादा बच्चे वैक्सीन से वंचित रह गए। इनमें से ज्यादातर बच्चे सिर्फ 9 देशों से ताल्लुक रखते हैं, जिन्हें पिछले साल एक ही वैक्सीन नहीं लगी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ ने मंगलवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया कि 1 साल स कम उम्र के 89 प्रतिशत बच्चों को डिप्थीरिया, टेटनस और खांसी की पहली खुराक दी जा चुकी है। वहीं, 85 प्रतिशत बच्चों को तीनों खुराक लग चुकी है। यह आंकड़े 2023 के आसपास ही हैं।

ट्रंप ने रोकी थी WHO की फंडिंग- यूएन के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय सहायता बंद होने के कारण इस साल यह आंकड़े कम हो सकते हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आते ही WHO को मिलने वाली फंडिंग पर रोक लगा दी है, जिससे कई बच्चे अब वैक्सीन से वंचित रह सकते हैं।

वैक्सीन से बची 35-50 लाख लोगों की जान- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, डिप्थीरिया, टिटनेस और काली खांसी की वैक्सीन से हर साल 35-50 लाख लोगों की जान बचती है। WHO के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉ के अनुसार, फंडिंग रोकने और वैक्सीन को लेकर भ्रम फैलाए जाने से दशकों की प्रगति खतरे में है।

# फिल्म उदयपुर फाइल्स फिलहाल नहीं होगी रिलीज, सुप्रीम कोर्ट को केंद्र के इस फैसले का इंतजार





नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आज फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीजिंग पर सुनवाई की है। सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के द्वारा गठित किए गए पैनल की रिपोर्ट आने तक फिल्म को रिलीज न करने का आदेश दिया है। इस मामले पर अब 21 जुलाई को सुनवाई होगी।

टेलर कन्हैया लाल के जीवन पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स शुरू से ही विवादों में है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय फिल्म के लिए रिव्यू पैनल का गठनकिया है। आज दोपहर 2ः30 बजे पैनल की बैठक होनी है। सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को जल्द से जल्द मामले पर सुझाव देने का आदेश दिया है।

आरोपियों ने जताई आपत्ति- कन्हैया लाल के मर्डर के आरोपी मोहम्मद जावेद ने भी फिल्म की रिलीजिंग पर आपत्ति जताई है। कमेटी को इसपर भी जांच के आदेश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म मेकर्स और कन्हैया लाल के बेटे को पुलिस से मदद लेने के लिए कहा है। अगर उनकी सुरक्षा को खतरा है तो वो पुलिस से सिक्योरिटी ले सकते हैं।

क्या है पूरा मामला- बता दें कि फिल्म उदयपुर फाइल्स राजस्थान के टेलर कन्हैया लाल की हत्या पर आधारित है। 12 जून 2022 को मोहम्मद रियाज और मोहम्मज गौस ने धारदार हथियार से कन्हैया की हत्या कर दी थी। दोनों आरोपियों ने वीडियो रिलीज करते हुए हत्या की वजह भी बताई थी। उनका कहना था कि पूर्व बीजेपी नेता नूपुर शर्मा ने प्रोफेट मोहम्मद के खिलाफ विवादित बयान दिया था, जिसे कन्हैया ने भी शेयर किया था। इसलिए दोनों ने कन्हैया को मौत के घाट उतार दिया।

## हैदराबाद में CPI नेता की गोली मारकर हत्या, दोस्त को रेकी करते देख पत्नी ने 1 घंटे पहले ही किया था अगाह



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में सीपीआई नेता के. चंदू नायक की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। चंदू का हत्यारोपी कोई और नहीं बल्कि उसका दोस्त ही है। ताज्जुब की बात यह है कि चंदू की पत्नी ने पहले ही खतरे को भांप लिया था और पति को अगाह भी किया था। मगर, चंदू ने पत्नी की एक नहीं सुनी।

चंदू पत्नी के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकला था, तभी उसकी हत्या कर दी गई। हत्याकांड के ठीक 1 घंटे पहले चंदू की पत्नी ने उसे बताया था कि राजेश हमारे घर से आसपास मंडरा रहा है।

दोस्त ने उतारा मौत के घाट- मंगलवार को मीडिया से बातचीत के दौरान चंदू की पत्नी के.नारी बाई ने कहा, मॉर्निंग वॉक के दौरान कार मेरे बगल से गुजरी। उसमें राजेश समेत तीन लोग मौजूद थे। मैं वहीं खड़ी हो गई यह देखने के लिए कार कहां जा रही है? तभी मेरे पति मुझे और मेरी बेटी को पार्क से घर ले जाने के लिए पहुंचे और हम उनके साथ घर चले गए।

नारी बाई के अनुसार, मैंने अपने पति को राजेश के बारे में बताया और हमें लगा वो किसी काम से जा रहा होगा। मगर, कुछ देर बाद मैंने उसे फिर से अपने घर के बाहर उसी कार से मंडराते हुए देखा और मेरी चिंता बढ़ गई। कार में तीन लोग मौजूद थे, सभी ने रुमाल से अपना चेहरा ढक रखा था।

## SIT खुद को ही क्यों गुमराह कर रही है? ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रोफेसर की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के अशोक विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट ने SIT से सवाल पूछा है। प्रोफेसर अली ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की थी, जिसके बाद उनके खिलाफ 2 FIR दर्ज की गई थी। इस पूरे मामले की जांच SIT कर रही है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए SIT को फाइनल रिपोर्ट तैयार करने के लिए 4 हफ्तों का समय दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रोफेसर अली को जमानत की शर्तों में भी रियायत दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा- सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची ने इस मामले पर सनवाई करते हुए SIT को अपनी जांच FIR के आरोपों तक सीमित रखने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रोफेसर अली की पोस्ट पर शिकायत दर्ज हुई थी, इसलिए बेहतर होगा कि SIT अपनी जांच पोस्ट पर केंद्रित करे। सुप्रीम कोर्ट ने SIT को 4 हफ्तों के भीतर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम पूछना चाहते हैं कि SIT खुद को क्यों गुमराह कर रही है। उन्हें पोस्ट में लिखे कंटेंट की जांच करनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछे सवाल- सुप्रीम कोर्ट में दो जजों की बेंच ने कहा कि जब प्रोफेसर अली जांच में सहयोग कर रहे थे, तो उनके फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को क्यों सील कर दिया गया? उन्हें बार-बार समन भेजने की क्या जरूरत है?

# बंगालियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं, सीएम ममता ने कहा- जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं, उन्हें भेजें जेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासियों पर कथित अत्याचार के विरोध में बुधवार को विरोध मार्च में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के एक विशाल पैदल मार्च (जुलूस) का नेतृत्व किया।

ममता के साथ उनके सांसद भतीजे और तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी इस मार्च में शामिल हुए। पदयात्रा के बाद ममता ने एक सभा को भी संबोधित किया। सीएम ममता ने कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उन्हें जेल भेजा जाएगा।

तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित विशाल पैदल मार्च का नेतृत्व करते हुए ममता ने भाजपा व केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि मैं बंगालियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करूंगी।

ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी व विदेशी कहकर प्रताड़ित और जेल व डिटेंशन कैंप में भेजा जा रहा है। ममता ने पूछा कि क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है।

इसके अलावा ममता ने आरोप लगाया कि दूसरे राज्यों में बैठकर बंगाल के वोटर का नाम काटा जा रहा है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा की दलाली करने का आरोप लगाया।

हम सबका सम्मान करते हैंः सीएम ममता- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, क्या पश्चिम बंगाल भारत में नहीं है? क्या यह देश का हिस्सा नहीं है? कई राज्य ऐसे हैं, जहां केवल एक ही भाषा बोली जाती है। इसका मतलब यह नहीं है कि उन लोगों को जेल में डाल दिया जाए।

# बेटियों को कर दिया था दूर.., पति ने बयां किया दर्द; गुफा से निकली Russian महिला ने Visa एक्सपायरी को लेकर रचा ढोंग?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के गोकरना में एक रूसी महिला और उसकी दो बेटियों को एक गुफा में रहते पाया गया। इस महिला का नाम नीना कुटिना है, जो अपने पति को बिना बताए गोवा से गायब हो गई थीं।

इजरायल नागरिक और नीना के पति ड्रोर गोल्डस्टीन ने कहा कि नीना ने उन्हें बिना बताए गोवा छोड़ दिया था। गोल्डस्टीन ने कहा कि वह अपनी बेटी प्रेमा (6 साल) और आमा (5 साल) से मिलने के लिए पिछले चार साल से भारत आते रहे हैं। एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, गोल्डस्टीन ने बताया कि वह नीना से करीब आठ साल पहले गोवा में मिले थे और दोनों को प्यार हो गया। फिर हम कुछ पल साथ रहे और फिर वह गोवा में रहने लगी। लेकिन गोल्डस्टीन तब परेशान हो गए जब कुछ महीने पहले उनकी पत्नी नीना बच्चों के साथ अचानक गायब हो गईं।

बेटियों से मिलने नहीं देतीं हैं नीना- गोल्डस्टीन ने बताया कि नीना के गायब होने के बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज की थी। बाद में पता चला कि नीना और उनकी बेटियां गोकरना के रामतीर्था पहाड़ी पर एक गुफा में रह रही थीं। गोल्डस्टीन अपनी बेटियों से मिलने गोकरना पहुंचे, लेकिन नीना ने उन्हें बेटियों के साथ ज्यादा वक्त बिताने नहीं दिया।

उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटियों के साथ रिश्ता बनाए रखना चाहते हैं और उनकी ज्वाइंट कस्टडी भी चाहते हैं। गोल्डस्टीन ने यह भी बताया कि वह हर महीने नीना को अच्छी-खासी रकम भेजते हैं ताकि उनकी बेटियों की जरूरतें पूरी हो सकें।

क्यों गुफा में रह रहीं थीं नीना- पुलिस को 11 जुलाई को गश्त के दौरान नीना और उनकी बेटियां रामतीर्था पहाड़ी की एक गुफा में मिलीं। नीना ने पुलिस को बताया कि वह गोवा से गोकरना आध्यात्मिक शांति की तलाश में आई थीं। उन्होंने कहा कि वह शहर की भीड़-भाड़ से दूर ध्यान और प्रार्थना के लिए जंगल की गुफा में रह रही थीं।

# मोदी कैबिनेट से पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी, कैसे मिलेगा करोड़ों किसानों को फायदा



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसान अपनी 20 वीं किस्त का इंतजार कर ही रहे थे कि केंद्रीय कैबिनेट ने 24,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष के परिव्यय के साथ 36 योजनाओं को मिलाकर पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी। इन योजनाओं से 1.7 करोड़ किसानों को फायदा पहुंचेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी घोषणा की है।

छह साल के लिए मंजूरी,100 कृषि जिले किए जाएंगे विकसित- कैबिनेट ने बुधवार को छह साल की अवधि के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी। यह योजना 24,000 करोड़ रुपये के वार्षिक परिव्यय के साथ 100 जिलों को कवर करेगी।

इसके तहत 100 कृषि जिले विकसित किए जाएंगे। केंद्रीय बजट में घोषित यह कार्यक्रम 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत करेगा और फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने को बढ़ावा देगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णय की जानकारी साझा करते हुए, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाएगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करेगी और कृषि उत्पादकता को बढ़ाएगी। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है।

क्या है पीएम धन-धान्य कृषि योजना- केंद्रीय बजट 2025-26 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' की घोषणा की थी, जिसे अब कैबिनेट की मंजूरी मिली है। इसके तहत कृषि जिलों का विकास किया जाएगा। यह योजना निम्न उत्पादकता, फसलों की कम बुआई वाले और औसत से कम ऋण उपलब्धता वाले 100 जिलों को टारगेट करेगी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उजैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com
jagrayam.com
online news magazine

मानव
जीवन में सदैव
उतार-चढाव आता है
व्यक्ति को कभी
इससे घबराना नहीं
चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण सप्तमी

## संपादकीय

# जिस तरह संगठित अपराधोंकी संख्या में अंतरराष्टीय राष्टीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई....



वैश्विक स्तरपर एक दो दशक से जिस तरह संगठित अपराधोंकी संख्या में अंतरराष्टीय राष्टीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई है इसे गंभीरता से रेखांकित करना समय की मांग है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट यह मानता हूं कि उनके संगठित अपराधों को अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो जांचएजेंसियों द्वारा आजकल अपराध की थ्योरी को अन्तर्राष्टीय एंगल से जांच करने की थ्योरी भी अपनाई जाती है जिस तरह से वर्तमान में रूस- यूक्रेन इज़राइल हमास युद्ध,व अनेक देशों के स्थानीय लोकल स्तरोंपर मानवीय अधिकार हनन अपराध चर्चा में आ रहा है व विशेष रूप से युद्ध अपराध चर्चा में आया हैं, युद्ध अपराध के लिए विशिष्ट अन्तर्राष्टीय मानक मौजूद हैं, सहित अनेक केसों की तारें विदेशों तक जुड़ी हुई है। एक आपराधिक संगठन को हम गिरोह,माफिया, भीड़, सिंडीकेट, अंडरवर्ल्ड या गैंग्लैंड भी कह सकतें है, जिसमें अनेक अपराध जैसे सफेदपोश अपराध, वित्तीय अपराध, राजनीतिक अपराध, युद्ध के अपराध सहित अनेक परिभाषित अपराधों को शामिल किया जा सकता है जो अंतरराष्टीय कनेक्टेड होते हैं इसीलिए आज हम ऐसे अपराधों और न्याय पर चर्चा करेंगे जो अंतरराष्टीय श्रेणी में आते हैं उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने, दुनियाँ भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने विश्व को अंतर्राष्टीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतरराष्टीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025 के उपलक्ष में इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम आज की दुनिया में विश्व अंतर्राष्टीय न्याय दिवस 2025 की प्रासंगिकता की करें तो (1) राजनीतिक संघर्षों, युद्ध अपराधों और असंख्य मानवाधिकार उल्लंघनों के इस युग में, विश्व अंतर्राष्टीय न्याय दिवस की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। (2)यह विश्वव्यापी स्तर पर एक पर्याप्त रूप से सुदृढ़ अंतर्राष्टीय कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता की ओर ध्यानआकर्षित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए ज़िम्मेदार, बिना जवाबदेही के न बच सकें।(3) यूक्रेन, गाजा और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उभर रहे संकटों को देखते हुए, अंतर्राष्टीय न्याय एक महत्वपूर्ण तंत्र है जो आम नागरिकों की रक्षा करता है और आगे होने वाले अत्याचारों को प्रभावी रूप से रोक सकता है।(4) यह अंतर्राष्टीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जैसी संस्थाओं और न्याय प्रशासन में राज्यों के बीच सहयोग के महत्व को भी उजागर करता है। (5) ऐसे युग में जहाँ बहुपक्षवाद और कानून के शासन को बढ़ती चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, यह स्मरणोत्सव शांति, जवाबदेही और पीड़ितों के अधिकारों के प्रति वैश्विक निष्ठा की याद दिलाता है। (6) इसलिए यह एक ऐसी न्यायपूर्ण दुनिया की दिशा में प्रेरणा देता है जहाँ न्याय सीमाओं और राजनीतिक हितों से परे जाकरसख्ती से लागू हो।

साथियों बात अगर हम विश्व अंतरराष्टीय न्याय दिवस मनाने के उद्देश्यों की करें तो, (1) विश्व अंतर्राष्टीय न्याय दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्टीय आपराधिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उसे बढ़ावा देना तथा दुनिया में सबसे गंभीर अपराधों के लिए दंड से मुक्ति के विरुद्ध संघर्ष करना है (2) यह अंतर्राष्टीय आपराधिक न्यायालय जैसे कानूनी तंत्रों के माध्यम से नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के कुख्यात अपराधियों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल देता है।

# निर्मलजीत सिंह सेखों



फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय व्यक्ति थे। इन्हें यह सम्मान सन 1971 में मरणोपरांत मिला। भारतीय वायु सेना से परमवीर चक्र के एकमात्र विजेता फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों ने 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध लड़ते हुए उस युद्ध में वीरगति पाई, जिसमें भारत विजयी हुआ और पाकिस्तान से टूट कर उसका एक पूर्वी हिस्सा, बांग्लादेश के नाम से स्वतंत्र राष्ट बन गया। इस समय निर्मलजीत सिंह श्रीनगर वायु सेना के हवाई अड्डे पर मुस्तैदी से तैनात थे और नेट हवाई जहाजों पर अपने करिश्मे के लिए निर्मलजीत सिंह उस्ताद माने जाते थे।

जीवन परिचय- फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म 17 जुलाई 1947 को रूरका गाँव, लुधियाना, पंजाब में हुआ था। फौज में आने वाले अपने परिवार से वह अकेले नहीं थे बल्कि इस क्रम में वह दूसरे नम्बर पर थे। बस कुछ ही महीने पहले उनका विवाह हुआ था और उसमें भी निर्मलजीत सिंह ने पत्नी मंजीत के साथ बहुत थोड़ा सा समय बिताया था। नए जीवन के कितने की सपने उनकी आँखों में रहे होंगे, जो देश की माँग के आगे छोटे पड़ गए। उन्हें उस निर्णायक पल में सिर्फ अपना नेट विमान सूझा और दुश्मन के स्न-86 सेबर जेट, जिन्हें निर्मलजीत सिंह को मार गिराना था।

भारत-पाकिस्तान युद्ध (1971)- पाकिस्तान का भारत के साथ यह 1971 में लड़ा गया युद्ध किन्हीं अर्थों में ख़ास कहा जा सकता है। इस युद्ध की शुरुआत दरअसल पाकिस्तान की आंतरिक समस्या से हुई थी। पाकिस्तान का एक हिस्सा पूर्वी पाकिस्तान बांग्ला भाषी क्षेत्र था, जो भारत के विभाजन के बाद पूर्वी बंगाल से पूर्वी पाकिस्तान हो गया था। पाकिस्तान की सत्ता का केन्द्र पश्चिम पाकिस्तान था जो एक मुस्लिम बहुत क्षेत्र है। ऐसे में पश्चिमी पाकिस्तान का व्यवहार कभी भी पूर्वी पाक के साथ न्याय पूर्ण नहीं रहा। ऐसे में पूर्वी हिस्से में असंतोष बढ़ना स्वाभाविक था। 7 दिसम्बर 1970 को पाकिस्तान के चुनावों में पूर्वी पाकस्तान के आवामी लीग पार्टी के नेता शेख मुजीबुर्रमहान के पक्ष में भारी जनमत गया और सत्ता इसी दल के हाथ आने के परिणाम घोषित हुए। पश्चिमी पाकिस्तान को यह मंजूर नहीं हुआ। तात्कालीन प्रधानमंत्री भुट्टो और राष्टपति याहया खान ने तय कर लिया कि पूर्वी पाकिस्तान की बांग्ला भाषी सरकार कभी नहीं बनने दी जाएगी। उनकी ओर से संसद का गठन रोक दिया गया। इससे पूर्वी पाकिस्तान में जबरदस्त असंतोष फैला और जनता सड़क पर आ गई। एक जन आन्दोलन का रूप सामने आने लगा। इसमें सरकारी तथा गैर सरकारी सबका साथ था, यहाँ तक कि छात्र भी पीछे नहीं रहे। 3 मार्च 1971 को ढाका में कर्फ़्यू लगा दिया गया और पश्चिमी पाकिस्तान ने जबरदस्त दमन चक्र चला दिया।

बर्बर फौजी लेफ्टिनेंट टिक्का खान लग गए, जिन्हें बांग्ला भाषियों का बूचर कहा जाता था, उसने वहाँ पूर्वी पाकिस्तान में इतना कहर मचाया कि लाखों की तादाद में बांग्ला भाषी पूर्वी पाकिस्तान के लोग जान बचाते हुए भारत की ओर भागे। देखते-देखते पूर्वी पाकिस्तान के लाखों बांग्ला भाषी लोभ भारत में भर गए। भारत के सामने समस्या उपस्थित हो गई। पश्चिमी पाकिस्तान की सत्ता ने इसे अपनी समस्या मानने से ही इंकार कर दिया। ऐसे में भारत के लिए यह ज़रूरी था कि वह सीधे हस्तक्षेप से पूर्वी पाकिस्तान में शांति तथा सुरक्षा का वातावरण वहा के नागरिकों के लिए बनाए जिससे वहाँ के शरणार्थी भारत की ओर न भागें। पूर्वी पाकिस्तान से लाखों शरणार्थी का भारत की ओर भागना, भारत के लिए एक बड़ी विपदा जैसा प्रश्न बन गया था। भारत का यह रुख भी पाकिस्तान को नहीं भाया। भारत, जब अपनी सेना लेकर पूर्वी पाकिस्तान पहुँचा तो पाकिस्तान ने इसे उसकी ओर से आक्रमण करने की एक वजह मान लिया। इस तरह 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तान ने भारत पर बकायदा सैन्य आक्रमण कर दिया। इसका नुकसान उसे भुगतना पड़ा। इस युद्ध में भारत सरकार ने फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह सेखों के साथ तीन और पराक्रमी योद्धाओं को परमवीर चक्र प्रदान दिया। लेकिन वायु सेना, के किसी भी युद्ध में परमवीर चक्र पाने वाले सेनानियों में, केवल निर्मलजीत सिंह सेखों का नाम लिखा गया।

शौर्य गाथा- 14 दिसम्बर 1971 को श्रीनगर एयरफील्ड पर पाकिस्तान के छह सैबर जेट विमानों ने हमला किया था। सुरक्षा टुकड़ी की कमान संभालते हुए फ़्लाइंग ऑफ़िसर निर्मलजीत सिंह वहाँ पर 18 नेट स्क्वाड्रन के साथ तैनात थे। दुश्मन स्न-86 सेबर जेट वेमानों के साथ आया था। उस समय निर्मलजीत के साथ फ्लाइंग लैफ्टिनेंट घुम्मन भी कमर कस कर मौजूद थे। एयरफील्ड में एकदम सवेरे काफ़ी धुँध थी। सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर चेतावनी मिली थी कि दुश्मन आक्रमण पर है। निर्मलसिंह तथा घुम्मन ने तुरंत अपने उड़ जाने का संकेत दिया और उत्तर की प्रतीक्षा में दस सेकेण्ड के बाद बिना उत्तर उड़ जाने का निर्णय लिया। ठीक 8 बजकर 4 मीनट पर दोनों वायु सेना-अधिकारी दुश्मन का सामना करने के लिए आसमान में थे। उस समय दुश्मन का पहला स्न-86 सेबर जेट एयर फील्ड पर गोता लगाने की तैयारी कर रहा था। एयर फील्ड से पहले घुम्मन के जहाज ने रन वे छोड़ा था। उसके बाद जैसे ही निर्मलजीत सिंह का नेट उड़ा, रन वे पर उनके ठीक पीछे एक बम आकर गिरा। घुम्मन उस समय खुद एक सेबर जेट का पीछा कर रहे थे। सेखों ने हवा में आकार दो सेबर जेट विमानों का सामना किया, इनमें से एक जहाज वही था, जिसने एयरफिल्ट पर बम गिराया था। बम गिरने के बाद एयर फील्ड से कॉम्बैट एयर पेट्रोल का सम्पर्क सेखों तथा घुम्मन से टूट गया था। सारी एयरफिल्ड धुएँ और धूल से भर गई थी, जो उस बम विस्फोट का परिणाम थी। इस सबके कारण दूर तक देख पाना कठिन था। तभी फ्लाइट कमाण्डर स्क्वाड्रन लीडर पठानिया को नजर आया कि कोई दो हवाई जहाज मुठभेड़ की तौयारी में हैं। घुम्मन ने भी इस बात की कोशिश की, कि वह निर्मलजीत सिंह की मदद के लिए वहाँ पहुँच सकें लेकिन यह सम्भव नहीं हो सका। तभी रेडियो संचार व्यवस्था से निर्मलजीत सिंह की आवाज़ सुनाई पड़ी...

मैं दो सेबर जेट जहाजों के पीछे हूँ...मैं उन्हें जाने नहीं दूँगा- उसके कुछ ही क्षण बाद नेट से आक्रमण की आवाज़ आसपान में गूँजी और एक सेबर जेट आग में जलता हुआ गिरता नजर आया। तभी निर्मलजीत सिंह सेखों ने अपना सन्देश प्रसारित किया-

%मैं मुकाबले पर हूँ और मुझे मजा आ रहा है। मेरे इर्द-गिर्द दुश्मन के दो सेबर जेट हैं। मैं एक का ही पीछा कर रहा हूँ, दूसरा मेरे साथ-साथ चल रहा है।

इस सन्देश के जवाब में स्क्वेड्रन लीडर पठानिया ने निर्मलजित सिंह को कुछ सुरक्षा सम्बन्धी हिदायत दी, जिसे उन्होंने पहले ही पूरा कर लिया था। इसके बाद नेट से एक और धमाका हुआ जिसके साथ दुश्मन के सेबर जेट के ध्वस्त होने की आवाज़ भी आई। अभी निर्मलजीत सिंह को कुछ और भी करना बाकी था, उनका निशाना फिर लगा और एक बड़े धमाके के साथ दूसरा सेबर जेट भी ढेर हो गया। कुछ देर की शांति के बाद फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों का सन्देश फिर सुना गया। उन्होंने कहा-

शायद मेरा नेट भी निशाने पर आ गया है... घुम्मन, अब तुम मोर्चा संभालो।%

यह निर्मलजीत सिंह का अंतिम सन्देश था। अपना काम पूरा करके वह वीरगति को प्राप्त हो गए।

# मुकेश अंबानी की JioBlackRock को मिल गई SEBI से बड़ी इजाजत



मुकेश अंबानी की म्यूचुअल फंड कंपनी JioBlackRock Asset Management को सेबी से चार नए म्यूचुअल फंड शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। यह निवेशकों को नए निवेश के अवसर प्रदान करेगी। SEBI ने दी चार म्यूचुअल फंड्स को हरी झंडी JioBlackRock Asset Management ने चार नए म्यूचुअल फंड लॉन्च करने की अनुमति हासिल की है।

NFO कंपनी ने जुटाए थे पैसे- JioBlackRock ने हाल ही में अपने पहले न्यू फंड ऑफर जारी किया था। इसके जरिए कंपनी ने 17,800 करोड़ रुपये (लगभग 2.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर) जुटाए थे। यह राशि तीन कैश/डेट म्यूचुअल फंड्स - JioBlackRock Overnight Fund, JioBlackRock Liquid Fund और JioBlackRock Money Market Fund - के जरिए जुटाई गई थी।

तीन दिन के इस NFO को निवेशकों से जबरदस्त समर्थन मिला, जिसमें 90 से अधिक संस्थागत निवेशकों और 67,000 से ज्यादा रिटेल निवेशकों ने हिस्सा लिया।निवेशकों के लिए क्या है खास JioBlackRock के ये नए फंड्स निवेशकों को अलग-अलग सेक्टर्स में निवेश करने का मौका देंगे। इक्विटी फंड्स छोटी और मध्यम आकार की कंपनियों (स्मॉलकैप और मिडकैप) के साथ-साथ निफ्टी नेक्स्ट 50 जैसे बड़े सूचकांकों में निवेश की सुविधा देंगे। वहीं, डेट फंड सरकारी सिक्योरिटीज में निवेश का विकल्प देगा, जो कम जोखिम चाहने वाले निवेशकों के लिए बेहतर है।

JioBlackRock में किसकी-किसकी हिस्सेदारी- JioBlackRock को मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशियल सर्विसेज और वैश्विक निवेश दिग्गज ब्लैकरॉक के बीच 50-50 की साझेदारी में खोला गया है। ऐसे में कंपनी को SEBI से मिली मंजूरी कंपनी के लिए एक बड़ा कदम है। इसे भारत के म्यूचुअल फंड बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी बनाएगी। NFO की सफलता और अब SEBI की नई मंजूरी से JioBlackRock में निवेशकों का भरोसा बढ़ गया है।

## अनिल अंबानी की इस कंपनी ने साल भर में 1 करोड़ को बनाया 2 करोड़, अब कंपनी जुटाने जा रही फंड




नई दिल्ली (एजेंसी)। मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर तेजी के साथ ग्रो कर रही है। पिछले एक साल में इस कंपनी ने निवेशकों का पैसा दोगुना कर दिया है। निवेशकों का 1 करोड़ रुपये के निवेश को 2 करोड़ रुपये हो गया है। अब अनिल अंबानी की कंपनी फंड जुटाने की तैयारी में है। आज यानी 16 जुलाई को कंपनी की बोर्ड बैठक है। इस बैठक में कंपनी फंड जुटाने से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

इन तरीकों से फंड जुटाएगी कंपनी- रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर ने कुछ दिनों पहले घोषणा की थी कि वह लंबी अवधि के लिए पैसा जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी आज यानी 16 जुलाई 2025 को अपनी बोर्ड मीटिंग आयोजित कर रही है। इस बैठक में इक्विटी शेयर, इक्विटी से जुड़े सिक्योरिटीज और नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के जरिए फंड जुटाने पर चर्चा की जाएगी। अनिल अंबानी की कंपनी का लक्ष्य है कि इस पूंजी से वह अपनी वित्तीय स्थिति को और मजबूत करे और मौजूदा परियोजनाओं को गति दे।अनिल अंबानी की रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अलग-अलग तरीकों से फंड जुटाएगी। कंपनी इक्विटी शेयर जारी करना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट और NCDs के जरिए पैसा जुटाएगी। कंपनी एक बार में या कई स्टेप में पैसे जुटा सकती है। जरूरत पड़ने पर कंपनी शेयरधारकों की मंजूरी लेगी।

## इंडोनेशिया में अमेरिकी कंपनियों को फ्री एंट्री, लेकिन आयात पर ट्रंप ने लगाया 19% टैरिफ; भारत पर क्या बोले?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इंडोनेशिया के साथ व्यापार समझौते की घोषणा की है। इसके साथ उन्होंने यह भी दावा किया है कि इंडोनेशिया की तर्ज पर ही भारत के साथ समझौते पर बात चल रही है। समझौते पर बातचीत के लिए भारत के वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम इस समय वाशिंगटन में है।

क्या है इंडोनेशिया के साथ समझौता- ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को इंडोनेशियाई बाजार तक पूरी पहुंच मिल गई है। अमेरिकी कंपनियों को वहां कोई टैरिफ नहीं देना होगा। दूसरी तरफ अमेरिका, इंडोनेशिया से आयात पर 19त्न टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने इस समझौते को 'अब तक का सबसे बड़ा' बताया और कहा कि भारत भी इसी तर्ज पर काम कर रहा है। ट्रंप ने 2 अप्रैल को इंडोनेशिया पर 32त्न टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

यह घोषणा ट्रंप के उस बयान के दो हफ्ते बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अलग तरह का होगा जिसमें 'बहुत कम टैरिफ' होंगे। ट्रंप ने विश्वास व्यक्त किया कि भारत अमेरिकी कंपनियों को अपने बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की अनुमति देगा, जिससे कम टैरिफ वाला समझौता होगा।

इंडोनेशिया के साथ 18 अरब डॉलर का व्यापार घाटा- अमेरिका के बड़े व्यापारिक साझीदारों में इंडोनेशिया शामिल नहीं है। पिछले साल दोनों देशों के बीच 40 अरब डॉलर का ट्रेड हुआ था। इंडोनेशिया से अमेरिकी आयात में 4.8त्न की वृद्धि हुई, जबकि निर्यात 3.7त्न बढ़ा, जिससे अमेरिका को 18 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ। प्रमुख आयात में पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, जूते, टायर, रबर और सीफूड शामिल हैं।

## खुशखबरी! और सस्ती हो सकती है आपके लोन की EMI, RBI गवर्नर ने दिए संकेत; जानें क्या कहा?




नई दिल्ली (एजेंसी)। आपके लिए खुशखबरी है। अगस्त में आपका लोन और सस्ता हो सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति इस साल के अंत तक 25 बेसिस प्वाइंट की कटौती कर सकता है। आरबीआई अगस्त में होने वाली बैठक में फिर से रेपो रेट घटा सकता है। RBI गवर्नर संजय मल्होत्रा ने भी इस बात के संकेत दे दिए हैं।

उन्होंने कहा है कि न्यूट्रल रुख का मतलब यह नहीं है कि नीतिगत दरें नहीं घटाई जा सकती। जरूरत पड़ने पर इसमें कटौती भी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक अप्रैल-जून तिमाही में महंगाई के आंकड़ों का विश्लेषण करेगा। इसके बाद ही आगे के अनुमान और उसके हिसाब से रेट एडजस्टमेंट पर फैसले किए जाएंगे।

रिपोर्ट्स की मानें तो FY26 के लिए महंगाई का अनुमान घटकर 3.5त्न से नीचे आ गया है, जो रेट कट के लिए सकारात्मक संकेत है। जून में खुदरा महंगाई 2.1% तक गिर गई है, जो 77 महीने का सबसे निचला स्तर है। इससे उम्मीद है कि अगस्त, अक्टूबर या दिसंबर तक ब्याज दरें घट सकती हैं, जिससे लोन सस्ते हो जाएंगे। और अगर ब्याज दरें घटती हैं, तो आपकी EMI भी कम हो सकती है और नया लोन लेना भी सस्ता हो जाएगा।

आखिर क्यों पड़ी ब्याज दरें घटाने की जरूरत- एक्सपर्ट्स का मानना है कि जून में कारों की बिक्री 18 महीनों के निचले स्तर पर आ गई।

# इस इंडियन फूड कंपनी ने यूरोप में मारी एंट्री, 5 साल में 400,00,00,000 कमाने का धमाकेदार प्लान

नई दिल्ली (एजेंसी)। कंज्यूमर फूड सेगमेंट में 70 साल पुरानी भारतीय मूल की ग्लोबल एफएमसीजी कंपनी एलटी फूड्स ने एक बड़ा ऐलान किया है। इसकी ऑर्गेनिक बिजनेस यूनिट, नेचर बायो फूड्स लिमिटेड यूरोप में एंट्री करने जा रही है। इसके लिए नेचर बायो फूड्स रॉटरडैम के मासव्लाकटे में एक नई फैसिलिटी शुरू करेगी और यूरोप में बिजनेस-टू-कंज्यूमर (बी2सी) सेगमेंट में एंट्री करेगी।

LT FOODS
NURTURING GOODNESS

शुरुआत में किया जाएगा 15 करोड़ का निवेश- नई फैसिलिटी के लिए शुरुआती कैपिटल एक्सपेंडिचर लगभग 20 करोड़ रुपये है। कंपनी अगले 3 वर्षों में 15 करोड़ रुपये का और निवेश करेगी। 20,000 वर्ग मीटर में फैली यह नई फैसिलिटी रणनीतिक रूप से रॉटरडैम बंदरगाह पर स्थित है, जिसे लॉजिस्टिक्स के लिए यूरोप का प्रवेश द्वार माना जाता है।

400 करोड़ रु के रेवेन्यू का है लक्ष्य- नेचर बायो के सीईओ रोहन ग्रोवर के मुताबिक कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 से रेवेन्यू में तेजी आएगी, और इस रणनीतिक निवेश से अगले पांच वर्षों में रेवेन्यू में 400 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि होने का अनुमान है।

बता दें कि नेचर बायो फूड्स की शुरुआत लगभग 30 वर्ष पहले हुई थी, जब 1996 में जैविक बासमती चावल के पहले बीज बोए गए थे। तब से, इसकी ऑर्गेनिक यात्रा जारी है।

बता दें कि एलटी फूड्स एक लिस्टेड कंपनी है। इसका शेयर BSE पर बुधवार को 12.20 रु या 2.49 फीसदी की मजबूती के साथ 503 रु पर बंद हुआ। आज कंपनी का शेयर 505 रु तक ऊपर गया था, जबकि इसके पिछले 52 हफ्तों का टॉप लेवल 509 रु रहा है।

## NTPC ग्रीन में 20000 करोड़ के निवेश को सरकार से मिली मंजूरी




नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने एनटीपीसी लिमिटेड को रिन्यूबल एनर्जी में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की योजना को मंजूरी दे दी है। इससे एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, सब्सिडरी कंपनी में निवेश किया जा सकेगा और एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड व इसकी अन्य ज्वाइंट वेंचर/सब्सिडरी कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपये तक रिन्यूबल एनर्जी कैपिसिटी क्षमता के लिए निवेश किया जा सकेगा, जिससे 2032 तक 60 गीगावाट रिन्यूबल एनर्जी कैपिसिटी हासिल की जा सकेगी।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयर 2 फीसदी तक की तेजी के साथ ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, एनटीपीसी के स्टॉक 342 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# आए दिन करता था फायरिंग , MP में युवक को बेल्ट से पीटा, फिर लगाया आरोप



सबलगढ़। सबलगढ़ कस्बे की रामपुर रोड पर एक युवक की बेल्टों से मारपीट किए जाने का वीडियो बुधवार को सामने आया। वीडियो 12 जुलाई का बताया जा रहा है, जिसमें पुलिस ने पार्षद पति सहित चार आरोपितों के खिलाफ मारपीट का मामला भी दर्ज किया है। उधर, आरोपित पक्ष के लोग युवक द्वारा मोहल्ले में गुंडागर्दी करने व फायरिंग करने का आरोप लगा रहे हैं। युवक के खिलाफ मई महीने में पुलिस को इस संबंध में आवेदन भी दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

जानकारी के मुताबिक पुरानी डाक मंडी रामपुर रोड निवासी छोटू पुत्र भरोषी शिवहरे उम्र 20 साल रामपुर रोड पर जा रहा था, तभी शिवहरे होटल के सामने पुरानी रंजिश पर सौरभ कुशवाह, पूरन रावत, लुक्का कुशवाह व पार्षद रचना के पति असरफ खान ने उसे घेर लिया और उसकी बेल्टों से मारपीट की गई। जिससे छोटे शिवहरे को चोटें आईं। पुलिस ने मामले में छोटू शिवहरे की फरियाद पर चारों आरोपितों पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। बुधवार को इस मारपीट का वीडियो भी सामने आ गया।

जिसके बाद पार्षद पति अशरफ ने बताया कि उक्त युवक छोटू व उसका भाई आए दिन मोहल्ले में गुंडागर्दी करते हैं, डेढ़ महीने पहले मोहल्ले में फायरिंग की गई, अपने आप को सबलगढ़ का गुंडा भी कहते है। इस संबंध में सबलगढ़ थाने पहुंचकर मोहल्ले के लोगों ने आवेदन भी दिया था। जिसमें फायरिंग व पूरी घटना का जिक्र किया गया, लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि मोहल्ले के लोगों ने यह आवेदन दिया था। 12 जुलाई को भी छोटू गुंडागर्दी कर रहा था।

# सीएम हेल्पलाइन में लापरवाही पर दो सचिव सस्पेंड, 13 अधिकारियों को थमाया कारण बताओ नोटिस





श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइन के निराकरण को लेकर प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है तथा सभी को निर्देश गए गए हैं कि सीएम हेल्पलाइन का निराकरण तत्परतापूर्वक गंभीरता से किया जाए।

इसी क्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में रुचि नहीं लेने एवं कार्यो में लापरवाही के चलते जहां दो पंचायत सचिवों के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है।13 अधिकारियों को नोटिस वहीं जनपद पंचायतों के 7 उपयंत्रियों, 3 एडीईओ सहित 13 पंचायतों के सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत विजयपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गोहर के सचिव सोबरन कुशवाह और ग्राम पंचायत जाखेर के पंचायत सचिव राजेश जादौन को शासकीय कार्यों में लापरवाही एवं सीएम हेल्पलाइन में रुचि नहीं लेने के चलते निलंबित किया गया है।

इन अधिकारियों को भेजे गए नोटिस निलंबन अवधि में दोनों सचिवों का मुख्यालय जनपद पंचायत विजयपुर किया गया है। इसी प्रकार सीएम हेल्पलाइन में शिकायतों के निराकरण नहीं करने पर जनपद पंचायत कराहल के उपयंत्री अजीत गिरी, जनपद पंचायत श्योपुर के दीपक धाकड़ एवं प्रेमनारायण राठौर, जनपद पंचायत विजयपुर के रामेश्वर गुप्ता, रामनिवास धाकड, शरद उच्चारिया एवं प्रियंका जादौन, सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद श्योपुर अमन शिवहरे, एडीईओ विजयपुर अभिनंदन भदौरिया एवं देवेंद्र प्रजापति को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं।

इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयपुर के ग्राम पंचायत पार्वती बड़ौदा, गसवानी, गढी, वीरपुर, रघुनाथपुर, देवरी, लाडपुरा, इकलौद, फरारा, सहसराम, कोंजरी, आरोदा एवं मैदावली के पंचायत सचिवों और जीआरएस को नोटिस जारी किए गए हैं।

# बस्ती में घुसा मगरमच्छ, लोगों ने पालतू बनाकर खूंटे से बांधा, गोदी में उठाकर खेला



शिवपुरी। शिवपुरी में बारिश के मौसम में मगरमच्छों का शहर की विभिन्न कॉलोनियों और बस्तियों में विचरण करते मिलना आम बात है, परंतु इस खूंखार जलीय जीव के साथ खिलवाड़ करना कितना खतरनाक हो सकता है, यह जानते हुए भी शहरवासी इसके साथ पालतू जानवर की तरह व्यवहार करते हैं। टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया

इसी क्रम में शिवपुरी में मंगलवार की रात एक मगरमच्छ करौंदी कॉलोनी में घुस आया। यहां लोगों ने उक्त मगरमच्छ को पकड़कर न सिर्फ खूंटे से बांध दिया, बल्कि उसे गोद में लेकर उसके साथ खेलते हुए भी नजर आए। बस्ती के लोगों ने मामले की सूचना माधव टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया।कई लोग बन चुके हैं मगरमच्छ का शिकाररेस्क्यू टीम ने मगरमच्छ को ले जाकर सांख्य सागर झील में छोड़ दिया। लोगों द्वारा मगरमच्छ के साथ मस्ती करते का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यहां बताना होगा कि लोगों द्वारा की जाने वाली इसी प्रकार की लापरवाही की वजह से पूर्व में भी कई लोग मगरमच्छ का शिकार भी बन चुके हैं।

# रैगिंग और मारपीट रोकने के लिए खास पहल, नए विद्यार्थियों को अलग छात्रावास में रखा जाएगा




भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने वरिष्ठ और कनिष्ठ विद्यार्थियों के बीच रैगिंग और मारपीट की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए इस सत्र से एक नई पहल की है। इस बार कनिष्ठ विद्यार्थियों को अलग छात्रावास में रखा जाएगा।

इसके अलावा इस बार मेरिट के आधार पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों को छात्रावास आवंटित किया जाएगा। अब किसी भी छात्र संगठन की सिफारिश पर छात्रावास आवंटित नहीं होंगे। इसके अलावा सख्त नियम भी बनाए गए हैं।

विवि प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि छात्र राजनीति, संगठनात्मक दबाव या किसी भी प्रकार के बाहरी प्रभाव से छात्रावास आवंटन नहीं होगा यह निर्णय विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और अनुशासित माहौल को बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

बता दें, कि प्रदेश में सबसे अधिक आरजीपीवी में रैगिंग और मारपीट की घटनाएं यूजीसी की एंटी रैगिंग कमेटी में दर्ज हुई है।पुराने छात्रावास आवंटन को किया गया निरस्त विश्वविद्यालय ने सभी पुराने छात्रावास आवंटन को पूरी तरह निरस्त कर दिसंबर 2024 की परीक्षा में प्राप्त मेरिट और मध्यप्रदेश शासन की आरक्षण नीति के आधार पर नए सिरे से रूम आवंटन की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें लिए द्वितीय, तृतीय और अंतिम वर्ष के बालक छात्रावास के लिए 690 और कन्या छात्रावास के लिए 510 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

विद्यार्थी भी इस नई व्यवस्था समर्थन कर रहे हैं। इस बार विवि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्रावास उन्हीं को मिलेंगे जो वास्तव में अध्ययनरत और पात्र हैं।इसके लिए न केवल आवेदकों की कक्षा व मेरिट आधारित पात्रता तय की जा रही है, बल्कि आवंटन को अस्थायी (प्रोविजनल) रूप में रखा गया है।

**नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए अलग छात्रावास**-विश्वविद्यालय परिसर में कुल पांच छात्रावासों में लगभग 1460 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था है, जबकि नवप्रवेषित 1200 समेत चार वर्षों के कुल 4500 छात्र-छात्राएं हैं।इस कारण प्रबंधन ने इस बार आवंटन मेरिट के आधार पर करने का निर्णय लिया है। इसमें नवप्रवेशित विद्यार्थियों को अलग छात्रावास में रखा जाएगा।

**छात्रों के लिए यह व्यवस्था**-इसमें लड़कों को चंद्रशेखर आजाद छात्रावास में करीब 270 और भास्कराचार्य में 135 छात्रों को कमरे आवंटित किए गए हैं। वहीं लगभग 450 लड़कियों के लिए रानी अहिल्याबाई छात्रावास आवंटित किया गया है।छात्राओं के लिए लक्ष्मीबाई छात्रावास नर्धारित

वहीं द्वितीय, तृतीय और अंतिम वर्ष के 370 छात्रों के लिए एपीजे अब्दुल कलाम छात्रावास और 230 छात्राओं के लिए रानी लक्ष्मीबाई छात्रावास निर्धारित किए गए हैं।

इसे लेकर प्रो. एस.एस भदौरिया, संचालक, यूआईटी, आरजीपीवी यह ने बताया कि यह व्यवस्था विवि में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की गई है। 1200 आवेदन मिले है, नियमों और मेरिट के आधार पर रूम आवंटित किए जा रहे हैं।

# तीन चरणों में दौरे कर एमपी को नापेंगे भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, ग्वालियर से होगी शुरुआत

भोपाल । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने और आगे के कार्यक्रमों की प्रगति देखने के लिए प्रदेशभर का दौरा करेंगे। जिला संभाग और फिर प्रदेश स्तर पर किए जाने वाले यह दौरे तीन चरणों में होंगे। खंडेलवाल ग्वालियर से इसकी शुरुआत करेंगे। वह 17 जुलाई को ग्वालियर में भाजपा की संभागीय बैठक लेंगे। इस दौरान पार्टी के कामकाज की स्थिति भी देखेंगे।


ग्वालियर क्षेत्र भाजपा के लिए राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहां से भले ही केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और मप्र के चार मंत्री है, लेकिन कांग्रेस से काफी जूझना पड़ता है। ग्वालियर रीजन से कांग्रेस के 17 विधायक है। ऐसे में, भाजपा यहां अपनी पैठ और मजबूत करना चाहती है। लिहाजा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने अपनी पहली संभागीय बैठक के लिए ग्वालियर का चयन किया है। 19 जुलाई को जबलपुर में संभागीय बैठक

वह ग्वालियर में पदाधिकारियों की जिम्मेदारी, उनके कामकाज और पार्टी द्वारा दिए गए लक्ष्यों की पूर्ति का फीडबैक लेंगे। इस दौरान पुराने कार्यकर्ता, जो अब भले ही सक्रिय नहीं हैं लेकिन, जनसंघ और भाजपा में उन्होंने योगदान दिया है उनसे मिलेंगे। उनके घर जाएंगे और उनका हालचाल जानेंगे। कार्यक्रम बनाने की जिम्मेदारी जिला अध्यक्ष की होगी। इसके बाद खंडेलवाल 19 जुलाई को जबलपुर में संभागीय बैठक लेंगे।जबलपुर के बाद खंडेलवाल का रीवा संभाग का भी दौरा प्रस्तावित है। खंडेलवाल ने एक दिन पहले ही सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक में स्पष्ट कर दिया था कि वह संभागों का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा था कि मैं संभागों के दौरों का कार्यक्रम बना रहा हूं। मैं और संगठन महामंत्री हितानंद दोनों संयुक्त रूप से संभागों का दौरा करेंगे।



# श्रद्धालुओं के लिए प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग ओंकारेश्वर मंदिर में पूजन-अर्चन हेतु अनेक ऑनलाइन सुविधाएं

## दूरस्थ श्रद्धालुओं के लिए ई-आराधना बनी वरदान



इंदौर। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में जलाभिषेक और पूजन करना हर भक्त की आत्मिक आस्था से जुड़ा होता है। कई बार पारिवारिक, सामाजिक या व्यावसायिक कारणों से श्रद्धालु स्वयं मंदिर उपस्थित नहीं हो पाते, ऐसे श्रद्धालुओं के लिए ओंकारेश्वर मंदिर प्रशासन द्वारा शुरू की गई ÷ई-आराधना÷ सुविधा एक अत्यंत सराहनीय पहल बनकर उभरी है।

राजस्थान के कोटा निवासी श्री नरेंद्र गोयल ने ई-आराधना का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने ओंकारेश्वर मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से जलाभिषेक की ऑनलाइन बुकिंग की। निर्धारित समय पर ऑनलाइन माध्यम से उन्होंने पूजन-अर्चन में भाग लिया और पूजा के उपरांत भगवान ओंकारेश्वर का प्रसाद स्पीड पोस्ट से उनके घर तक पहुंचाया गया। श्री गोयल ने इसे संतोषजनक और आस्था से परिपूर्ण अनुभव÷ बताया और देश-विदेश के श्रद्धालुओं से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

कैसे लें ई-आराधना का लाभ- खंडवा कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने जानकारी दी कि ओंकारेश्वर मंदिर की वेबसाइट www.shriomkareshwar.org पर महामृत्युंजय जाप, पार्थेश्वर पूजन, पंचामृत अभिषेक, नर्मदा आरती, नर्मदा पूजन तथा जलाभिषेक आदि पूजन सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। वेबसाइट पर जाकर श्रद्धालु तिथि व समय का चयन कर सकते हैं। निर्धारित समय पर भक्तजन वीडियो लिंक के माध्यम से लाइव पूजा में शामिल हो सकते हैं। पूजन संपन्न होने के पश्चात प्रसाद को स्पीड पोस्ट के माध्यम से श्रद्धालु के पते पर भेजा जाता है।

आधुनिक तकनीक और परंपरा का संगम- यह सेवा उन श्रद्धालुओं के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध हो रही है जो भौगोलिक दूरी या स्वास्थ्य संबंधी कारणों से ओंकारेश्वर नहीं पहुँच सकते। इस पहल से आस्था और तकनीक का सुंदर संगम हुआ है, जो अन्य तीर्थ स्थलों के लिए भी अनुकरणीय बन सकता है।

## शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य

इंदौर। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय डाक विभाग में सम्पूर्ण इंदौर जिले में कार्य करने हेतु डायरेक्ट एजेंटों की भर्ती की जायेगी। डायरेक्ट एजेंट हेतु इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार 30 जुलाई (बुधवार) को सुबह 11.30 बजे से किया जाना है। चयनित उम्मीदवार को आकर्षक इंसेंटिव/ कमीशन के आधार पर रखा जायेगा। उम्मीदवार को भारतीय डाक विभाग की योजनाएं जैसे डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए चयनित किया जायेगा। इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के बीच होनी चाहिए। साथ ही कम्प्यूटर का आधारभूत ज्ञान एवं स्थानीय भाषा का जानता हो। मार्केटिंग और सेल्स का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता 5 दी जायेगी। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों के साथ एम. जी. रोड स्थित मुख्य डाकघर में उपस्थित हो सकते हैं।

## बकाया कर वसूली में इंदौर RTO की सख्ती, 50.73 लाख रुपये कर और 3.60 लाख रुपये पेनल्टी की वसूली



इंदौर। परिवहन आयुक्त श्री विवेक शर्मा के स्पष्ट निर्देशों के पालन में इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा बकाया मोटरयान कर एवं पेनल्टी की वसूली के लिए व्यापक और सघन अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के अंतर्गत विगत 7 दिनों में कुल 50 लाख 73 हजार 152 रुपये का बकाया मोटरयान कर एवं 3 लाख 60 हजार रुपये की पेनल्टी वसूली की गई। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा ने बताया कि विगत दिवस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बकाया कर नहीं चुकाने वाले वाहन स्वामियों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क किया। जिन वाहन स्वामियों से संपर्क नहीं हो पाया, उनके निवास स्थान पर नोटिस पहुंचाया गया। साथ ही जिन वाहन मालिकों ने कर जमा करने से इंकार किया, उनके विरुद्ध वाहन जप्ती की कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान कुल 81 वाहनों से लंबित कर की वसूली की गई।

# मैथिल समाज के नवविवाहिताओं का 13-दिवसीय लोकपर्व मधुश्रावणी की हुई भव्य शुरुआत



इंदौर। विषहरा बाबा, रक्षा करू, नववधू के सौभाग्य बढ़ाऊ..., कोन मास नागपंचमी भेल राम घरे -घरे बिसहरी पूजा भेल जैसी पारम्परिक विषहरा मैथिली लोक गीतों की गूंज के बीच शहर के मैथिल समाज के नवविवाहिताओं का 13 दिवसीय लोकपर्व मधुश्रावणी की शुरुआत आज मंगलवार मौना पंचमी (नाग पंचमी ) से मिथिला की लोक परंपरा के साथ हुई। यह पर्व 15 जुलाई से 27 जुलाई तक चलेगा। इस दरमियान नवविवाहिताएं 12 दिनों तक एक संध्या निरामिष बिना नमक वाला भोजन करेंगी। इस लोक पर्व का समापन 13वें दिन टेमी दागने की परंपरा के साथ होगा।

शहर में रह रही मैथिल समाज के उन परिवारों में जहाँ बेटियों की इस वर्ष शादी हुई है और नव वधुओं का आगमन हुआ है, वहां नवविवाहिताओं द्वारा कच्ची मिट्टी से बनी शिव-पार्वती और नाग-नागिन जिसे मिथिला में विषहरा कहा जाता है, की मूर्तियों की पूजा की गयी। पूजा के दौरान महिला पुरोहित द्वारा द्वारा नवविवाहिताओं के सुखी दाम्पत्य जीवन हेतु शिव-पार्वती, राम-सीता, राधा-कृष्ण और बिहुला जैसी पौराणिक कथाएं सुनाई गयी। पूजा के दौरान नववधुओं ने 16 श्रृंगार कर, ससुराल से आए वस्त्र और आभूषणों में सजकर पूजा किया।

## शासकीय सेवकों के जीपीएफ खाता के वार्षिक लेखा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध

इंदौर। महालेखाकार कार्यालय (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर द्वारा राज्य के शासकीय सेवकों के सामान्य भविष्य निधि खातों के वर्ष 2024-25 के वार्षिक लेखा विवरण को अब ऑनलाइन उपलब्ध है।

अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपना GPF स्टेटमेंट कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.agmp.nic.in पर जाकर अपनी सीरीज, खाता क्रमांक तथा पासवर्ड दर्ज कर सीधे डाउनलोड कर सकते हैं।

# मुफ्त योजनाओं ने जनता में संघर्ष का माद्दा ख़त्म कर दिया




इंदौर। वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक पंकज शर्मा ने कहा कि राशन योजना, लाड़ली बहना, आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, स्कूली बच्चों को भोजन जैसी मुफ्त की योजनाओं ने आम जनता में संघर्ष का माद्दा ख़त्म कर दिया है।

श्री शर्मा स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक दौर था जब देश में छोटे-मोटे मुद्दों पर भी जनता उद्वेलित हो जाती थी। प्याज की कीमतों, महंगाई, बोफोर्स घोटाले जैसे मुद्दों पर सरकारें बदल दी गईं लेकिन अब जनता ने सड़क पर आकर विरोध जताना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि इस हालात के लिए सरकार की मुफ्त योजनायें काफी हद तक जिम्मेदार हैं। जब जनता को बहुत कुछ मुफ्त में मिल रहा है तो वह संघर्ष क्यों करें? उन्होंने यह भी कहा कि सस्ता मोबाईल डाटा भी इन हालातों के लिए जिम्मेदार है। दुनिया में जापान के बाद भारत में सस्ता मोबाईल डाटा उपलब्ध है। आम जनता सोशल मीडिया पर ही सुख-दुःख, विरोध, प्रतिक्रिया व्यक्त करके अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है।

श्री शर्मा ने कहा कि वर्तमान दौर में पक्षधरता की धार क्रूर हो गई है। असहमति की गुंजाइश समाप्त कर दी गई है। अब लोग मेरे साथ हैं या मेरे दुश्मन हैं यह हो रहा है। वर्ष 2014 में नरेन्द्र भाई मोदी इसलिए प्रधानमंत्री बन पाए क्योंकि लालकृष्ण अडवानी मनमोहन सरकार को पलटने के लिए आवश्यक संसाधन नहीं जुटा पाए थे।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनकर किया गया निराकरण




इंदौर। कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंलगवार की तरह इस मंगलवार भी आज जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, निजी भूमि पर अतिक्रमण, मकान पर किराएदारों का कब्जा, दिव्यांगजन को साइकिल की सहायता आदि से संबंधित आवेदन आए। उक्त आवेदकों की सुनवाई आज अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य तथा अन्य अपर कलेक्टरों और अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई। जनसुनवाई में गवली पलासिया पंचायत की कुछ महिलाओं ने उनके क्षेत्र में ड्रेनेज की समस्या का आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि इसकी वजह से वहां डेंगू की आशंका है। उक्त समस्या निराकरण के लिए आवेदन जिला पंचायत को भेजा गया। जनसुनवाई में कई आवेदक मकान पर कब्जे से संबंधित आवेदन लेकर आए, जिनके त्वरित और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही जनसुनवाई में आये पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें मध्यस्थता का केंद्र में प्रेषित किया गया है ताकि आपसी सुलह, समझौते से पारिवारिक विवाद आसानी से सुलझ जाए। कुछ ऐसे आवेदक आए जिन्हें इलाज के लिए आर्थिक सहायता चाहिए थी उन्हें रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता दिलाई गई। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

# स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 16 से 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

इंदौर। उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन/विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जायेगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुनः रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी।

एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी- उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय ) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। विद्यार्थी 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। विद्यार्थियों के लिए 23 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान 22 जुलाई से प्रारंभ होगा

उज्जैन । कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक कुमार पटेल के द्वारा जानकारी दी गई कि स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का प्रथम चरण आगामी 22 जुलाई से 16 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा । इस अभियान का उद्देश्य बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना ,बाल्य कालीन बिमारियों की रोकथाम और 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाऐं देना है ।

यह अभियान 45 कार्य दिवसों में संचालित किया जाएगा । इसके तहत समस्त लक्षित बच्चों के लिए दस्तक सेवा प्रदायगी सत्रों का संचालन आंगनवाडी केंद्रों पर ही किया जाएगा । इसका नेतृत्व एनएम के द्वारा किया जाएगा तथा




आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता इसमें सहयोगी की भूमिका में होंगी । इस बार दस्तक अभियान की डीजिटल टूल के द्वारा मॉनिटरिंग की जाएगी । प्रति सप्ताह राज्य स्तर से मॉनिटरिंग टूल आधारित समीक्षा की जाएगी ।

कलेक्ट श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए कि यह एक अत्यंत महत्वपुर्ण अभियान है । इसका वृहद स्तर पर आयोजन किया जाए और व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए । अभियान का आयोजन जिला स्तर के साथ साथ विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर भी किया जाए । इसमें संबंधित विभागों के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर आयोजन किए जाए । अभियान के अंतर्गत पोर्टल पर डाटा एन्ट्री सही तरीके से की जाए । अभियान की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय पर रैली का आयोजन भी किया जाए । अभियान के लिए जिला स्तर पर अंतर विभागीय एवं मीडिया कार्यशाला आयोजित कर अभियान का प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाए । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी अभियान के बारे में जागरुकता फैलाई जाए और प्रचार प्रसार किया जाए ।

बैठक में आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की समीक्षा के दौरान समस्त बीएमओ को निर्देश दिए गए कि योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करें। इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। केम्प लगाकार कार्ड बनाए जाए । 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के घर घर जाकर कार्ड बनवाए जाएं । कार्य में लापरवाही बरतने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

जिले में उपस्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान एनएचएम के इंजिनियर से निर्माण कार्य पूर्ण किए जाने की अवधी के बारे में कलेक्टर के द्वारा जानकारी ली गई । उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के वर्तमान स्टेटस तथा पूर्णता की अवधी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाए ।

# अमेरिका औरलेडो में फहराया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन वशिष्ठ ने तिरंगा




उज्जैन। इंटरनेशनल लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन एपी सिंह के नेतृत्व में इंटरनेशनल लायंस क्लब के 200 से अधिक देश से पधारे डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की शपथ विधि समारोह एवं परेड में सबसे पहले भारत का तिरंगा फहराया गया, जन गण मण एवं वंदे मातरम गाया गया। उज्जैन से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ, डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रेनू वशिष्ठ एवं पूर्व गवर्नर बालवीर साहनी, पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लाडिया जी ने तिरंगा फहराकर भारत का नाम गौरवांवित किया।

डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. मार्केटिंग लायन दीपक राजवानी ने बताया कि समारोह में पूरे विश्व से डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के अलावा सैकड़ो की तादाद में लायंस पदाधिकारी आए हैं। सभी ने एक स्वर में भारतीय राष्ट्रीय गीत गाया एवं पूरे माहौल में वंदे मातरम गूंज गया। जिससे विश्व का शहंशाह अमेरिका जैसे देश में भारत का राष्ट्रीय गीत ऐसे गुंजा जैसे भारत पुनः विश्व गुरु बन गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ जो कि डिस्ट्रिक्ट 3233 जी 2 का नेतृत्व कर रहे हैं उन्होंने बताया कि मेरे जीवन में पहली बार ऐसा मौका आया है कि भारत के राष्ट्रीय गीत की गूंज पूरे विश्व में गूंज रही है। डिस्ट्रिक्ट के सेक्रेटरी लायन सुशील पोरवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन भगवान दास एरन, लायन आरजी पाठक, लायन अजय गुप्ता आदि पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण



उज्जैन। मध्य प्रदेश शासन द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान संपूर्ण मध्य प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में मध्य प्रदेश बाल अधिकार कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती निशा श्रीवास्तव और किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य विजयेन्द्र सिंह आरोण्या एवं श्रीमती रचना उपाध्याय द्वारा महिला बाल विकास एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के साथ परिवर्तन नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र उज्जैन का औचक निरीक्षण किया गया।

# उपेश्वर भक्त मंडल की कावड़ यात्रा पहुंची उज्जैन सर्व समाज के लोगों ने किया भव्य स्वागत गंगा जमुना तहजीब की एकता का दिया संदेश



उज्जैन। ओंकारेश्वर से चली उपेश्वर भक्त मंडल की कावड़ यात्रा उज्जैन पहुंची। यात्रा का उज्जैन आगमन पर विभिन्न मार्गों पर कावड़ यात्रा का सर्व समाज के लोगों ने मिलकर स्वागत किया। यह यात्रा महाकालेश्वर मंदिर पर बाबा महाकाल को जल चढ़ाने के बाद समाप्त हुई। यात्रा में सभी वरिष्ठ एवं युवा बम बोल, बम बोल के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। राज पटवा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 14 वर्षों से उपेश्वर भक्त मंडल द्वारा कावड़ यात्रा निकाली जाती है जो की ओंकारेश्वर से कावड़ लेकर नर्मदा का जल बाबा महाकाल को अर्पित करने के लिए उज्जैन पहुंचती है। उज्जैन चामुंडा माता चौराहे पर सर्व समाज के लोगों द्वारा कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और गंगा जमुना तहजीब सर्व धर्म एकता का संदेश दिया गया। इसी दौरान यात्रा में शामिल हुए सभी कावड़ियों को प्रसाद के रूप में जूस का वितरण किया गया। इस मौके पर श्रीनाथ ट्रांसपोर्ट के भयूयु भाई, हमू भाई, बाबू भाई, शुभम जी, शिंदे सौरभ यादव, सलमान भाई, इमरान भाई, साहेब यादव, अप्पू जी यादव आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जमीन के विक्रय पत्र में धोखाधड़ी का आरोप

उज्जैन। जगदीशचंद्र जायसवाल पिता हरलाल जायसवाल 69 वर्ष निवासी महिदपुर ने भूखण्ड के विक्रयपत्र में धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक को की शिकायत में जायसवाल ने आरोप लगाया कि सर्विस प्रोवाइडर मनोजकुमार वर्मा निवासी महिदपुर व क्रेतागण नारायणसिह पिता चंदरसिह, निवासी ग्राम सोमचिडी महिदपुर, राजपाल सिह पिता जोरावरसिह निवासी ग्राम बीरामखेडी तह. घट्टिया जिला उज्जैन के द्वारा उप पंजियक प्यारेलाल सोलंकी व बाबु कटलाना द्वारा आपस में कपट संधि कर मेरे साथ छ्ल पूर्वक मेरी ग्राम ताजपुरा तह. महिदपुर जिला उज्जैन की रोड से लगी कृषि भूमि का विक्रयपत्र संपादित कर धोखाधडी की है।

जगदीशचंद्र जायसवाल ने बताया कि मेरे स्वामित्व ग्राम बारापत्थर तह महिदपुर भूखण्ड को बेचने का सौदा दलाल मनोजकुमार वर्मा द्वारा खरीदार नारायणसिह पिता चंदरसिह निवासी ग्राम सोमचिडी महिदपुर, राजपाल सिह पिता जोरावरसिह निवासी ग्राम बीरामखेडी तह. घट्टिया जिला उज्जैन को कराया। इनसे मोबाईल पर बात हुई थी एवं कहा कि यह लोग आपका भुखण्ड खरीदना चाहते हैं।

सौदा बीस लाख रूपये में तय हुआ। बैक ऑफ इंडिया शाखा खोडाखजुरिया महिदपुर का 20 लाख का चेक 7 जुलाई 2025 का भूगतान के लिये दिया गया। जिसमे से मनोज वर्मा को ब्रोकरशिप भूखण्ड के सोदे का 1 प्रतिशत के मान से मेरे द्वारा दिये गये। इस भूखण्ड का विक्रयपत्र 6 जुलाई को संपादित करने हेतु महिदपुर तहसील के




सामने अनिमेष फोटोकापी एवं आनलाईन सेन्टर पर बुलाया था। जहां पर विक्रयपत्र तैयार कर आन लाईन बुक कराया था। आरोपीगणों ने आपस में मिल कर मेरे साथ धोखाधडी करते हुवे उक्त भूखंड के स्थान पर मेरे स्वामित्व की ग्राम ताजपुरा तह. महिदपुर की भूमि का विक्रयपत्र मेरा गलत मोबाईल नंबर व गलत ई मेल नंबर डालकर संपादित करवा लिया। उक्त कृषि भूमि विक्रय करने का सौदा नहीं किया ना ही विक्रयपत्र में वर्णित नगद व चेक राशी कृषि भूमि के विक्रय के एवज में प्राप्त की है। मुझसे मेरी कृषि भूमि के दस्तावेज भी नही मागे ना ही मे मोके पर कृषि भूमि पर खडे रहकर फोटो खिचवाया। सभी तथ्य गलत अंकित किये गये है। जिसकी जानकारी मझे नहीं दी गयी है। छ्ल पूर्वक कराये गये विक्रयपत्र के पंजियन के समय रजिस्ट्रार प्यारेलाल सोलंकी उपस्थित नहीं थे बाबु कटलाना मोजूद थे। जिनके द्वारा मुझसे कोई जानकारी नहीं ली एवं नाम पुछ्कर आइरिस मशीन से दस्तावेज पंजिकृत कर लिया मेरी आंख पर दो बार आइरिस मशीन लगायी गयी मुझे कहा गया कि स्केन फेल हो गया है इसलिए दो बार लगायी है। मेरे पुत्र नयन जायसवाल मेरे साथ था जिसको गेट पर मनोज वर्मा ने रोक दिया था केबिन में मैं अकेला मनोजकुमार वर्मा के साथ गया था। मुझे पूर्ण आशंका हैं सर्विस प्रोवाईडर मनोजकुमार वर्मा ने रजिस्ट्रार के बाबु कटलाना से सांठ गाठ कर यह धोखाधडी की है इसमें रजिस्ट्रार का बाबु की मिलीभगत हैं। मुझे धोखा देकर मेरी कृषि भूमि का फर्जी विकयपत्र संपादित करा लिया जबकी मेरे द्वारा केवल भूखण्ड विक्रय किया गया था कृषि भूमि विक्रय नही की गयी हैं ना ही मैने कृषि भूमि के विक्रयमूल्य पेटे उक्त कथित क्रेता गणो से कोई राशी प्राप्त की है। आरोपीगणो ने आपस मे मिल कर षडयंत्र के तहत मुझे विक्रय किये जा रहे भूखण्ड के विक्रयपत्र का प्रारूप की कापी दी जिसको मेरे द्वारा पढ़कर समझकर रजिस्ट्री करने की सहमती दी थी तथा फर्जी मोबाइल व ई मेल आर्ड डी उक्त सर्विस प्रोवाइडर ने गलत डाल दी जिससे विक्रयपत्र का ड्राफ्ट मेरे मोबाईल पर या ईमेल पर नही आया इसलिए मुझे तत्कालीन समय में जानकारी नहीं हो पायी एवं मेरे स्वामित्व की मेन सडक मार्ग की महिदपुर से लगी भूमि जिसका बाजारू मुल्य लगभग 6 करोड रूपये हैं इसका फर्जी विक्रयपत्र संपादित करा लिया। इस विक्रयपत्र की जानकारी पड़ोसी कृषको को नामांतरण की सुचना प्राप्त होने पर परिचित अशोक कुमार पड्या के द्वारा मेरे पुत्र डॉ. स्पर्श जायसवाल को दी गयी।

# महाप्रबंधक श्री विवेक गुप्ता, पश्चिम रेलवे के उज्जैन आगमन पर पुष्प गुच्छ व महाकाल दुपट्टे के साथ आत्मीय स्वागत किया



उज्जैन। वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन शाखा उज्जैन द्वारा महाप्रबंधक श्री विवेक गुप्ता, पश्चिम रेलवे के उज्जैन आगमन पर पुष्प गुच्छ व महाकाल दुपट्टे के साथ आत्मीय स्वागत किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक को वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन के पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री एस एस शर्मा के नेतृत्व में शाखा अध्यक्ष श्री सागर उदगीर, अनिल कुमार चौबे, प्रवीण मेहता, प्रवीण जोशी, ऐन के जांगिड़ ने रेलवे कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के संदर्भ में एक ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में अनुकंपा नियुक्ति में विलंब होने, कर्मचारियों के लिए उचित चिकित्सा व्यवस्था प्रबन्ध, रेलवे इंस्टिट्यूट का नवीनीकरण, रेल आवास की दशा सुधारने, लोको निरीक्षक के डयूटी आवर्स में सुधार, उज्जैन लॉबी के कार्य मे बढ़ोत्तरी सम्बन्धी विषयो की मांग की गई । जिस पर उचित कार्यवाही का महाप्रबंधक द्वारा आश्वासन दिया गया ।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com